मुख्यमंत्री बोले गजक का नाम सुनकर मुंह में आ जाता है पानी

भवन विहीन 70 शालाओं के लिए दी राशि, कैलारस शुगर मिल चालू करने का किया वादा

नवभारत न्यूज

मुरैना, 27 नवंबर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार है। अब मथुरा-वृंदावन की बारी है। भगवान श्रीकृष्ण अपनी गाय चराने के लिए मुरैना-गोहद तक आते थे। इसलिए ग्वालियर-चंबल संभाग में जो भी जगह भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ी हैं, उनका विकास तीर्थ स्थल के रूप में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, गुरूवार को पुलिस परेड ग्राउंड में आयोहित सभा में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निबी गांव में 70 करोड़ की लागत से बनने वाले 100 बिस्तरों के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज का वर्चुअली भूमिपूजन किया। 19 करोड़ लागत से व्हीआईपी रोड पर बने संयुक्त एसडीएम-तहसील कार्यालय, 3.93 करोड़ लागत के सीनियर कन्या छात्रावास अंबाह, 31.27 करोड़ के सांदीपनि स्कूल गोठ तथा 38.33 करोड़ के सांदीपनि स्कूल अंबाह का भी लोकार्पण किया। इन दोनों स्कूलों में क्रमश: 812 और 1799 छात्र अध्ययनरत हैं।

अटल की जयंती 25 दिसंबर को ग्वालियर-चंबल को देंगे सौगातें : ामसभा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सौगातों का सिलसिला चलता रहेगा। मैं घोषणा करता हूं कि आगामी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हम भिंड-मुरैना, श्योपुर, ग्वालियर सहित पूरे संभाग को करोड़ों रुपए की सौगात देंगे।

बैठक के बहाने सभा में लेकर पहुंचें समूह की महिलाएं, हुई परेशान : जले के दूर-दराज के गांवों, कस्बों से बसों से लाई गई स्व-सहायता समूह, आशा-ऊषा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सुबह 11 बजे सभा स्थल पर पहुंच गई थी। कई घंटों तक सीएम का इंतजार कर परेशान हो चुकी महिलाएं मुख्यमंत्री के आने से पहले ही बसों में बैठकर लौट गईं।

मासूम बच्चों को साथ लेकर जनसभा में पहुंचीं महिलाएं : ख्यमंत्री के कार्यक्रम में भीड़ दिखाने के लिए जिलेभर से बुलाई गई महिलाओं में कुछ ऐसी भी थीं जो अपने साथ मासूम बच्चों को साथ लेकर आईं थी। कार्यक्रम स्थल पर ऐसी महिलाएं बच्चों को संभालते हुए देखीं गईं।

सीएम ने सांदीपनि स्कूल की छात्राओं से किया वर्चुअली संवाद

सीएम डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन से पहले सांदीपनी स्कूल अंबाह और गोठ की छात्राओं से वर्चुअली संवाद किया। उन्होंने कक्षा 10वीं की छात्रा शैलजा शर्मा, अंशिका दीक्षित और शीतल शर्मा से वर्चुअली संवाद किया। उनसे घर-परिवार और कैरियर के बारे में पूछा। उन्होंने छात्रा से पूछा कि मंच पर कौन-कौन दिख रहा है। छात्रा बोली-नरेंद्र सिंह तोमर और कलेक्टर सर। इस पर सीएम बोले-और कौन-कौन दिख रहे हैं, इस पर छात्रा ने कहा कि सब दिख रहे हैं। यह सुनकर सीएम हंस पड़े और बोले कि-तुमने बहुत अच्छे से बात संभाल ली, राजनेता बनोगी।

विस अध्यक्ष की मांग पर 70 भवनविहीन स्कूलों को दी राशि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के भाषण के दौरान विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने जिले के 70 भवन विहीन स्कूलों के लिए भवन निर्माण कार्य को राशि स्वीकृत करने की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने जिले के सभी भवन विहीन स्कूलों के लिए राशि देने की घोषणा मंच से की।

गरीब स्कूली छात्र-छात्राओं को भेंट किए ऊनी वस्त्र

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 27 नवंबर। ठंड के मौसम में शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले गरीब परिवार के बच्चों को कस्बा जौरा के रामजानकी मंदिर की ओर से गुरूवार को नवीन ऊनी वस्त्र भेंट किए गए।

कस्बा जौरा के रामजानकी मंदिर की ओर से किया गया सेवाकार्य

मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शासकीय प्राथमिक कन्या विद्यालय पहुंचकर बच्चों को ऊनी एवं सूती नए वस्त्र भेंट किए। नए वस्त्र पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी के भाव देखने को मिले। इस मौके पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि भेंट किए गए ऊनी वस्त्र बच्चों को सर्दी से बचाएगें, जिससे उन्हें विद्यालय तक आने एवं जाने में ठंड से परेशानी नहीं होगी।

पोरसा-टेंटरा में महिलाओं से मारपीट के दो मामले दर्ज

मुरैना, 27 नवंबर। पोरसा एवं टेंटरा थानों की पुलिस ने महिलाओं से मारपीट की धाराओं में दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए है।

पोरसा पुलिस ने महिला पुष्पा देवी 35 पत्नी रमाकांत खटीक नि. पचौरीपुरा भिंड रोड पोरसा की रिपोर्ट पर पति रमाकांत खटीक के विरुद्ध एवं टेंटरा पुलिस ने महिला रामकली रावत 65 पत्नी गोपाल रावत नि. ग्राम छापर की रिपोर्ट पर चंद्रपाल, उम्मेद, बहादुर, अजय, बल्लू, श्रीपत जाटव के विरुद्ध गाली-गलौज कर मारपीट किए जाने के मामले दर्ज कर लिए है।

परीक्षत का पुरा में युवक के साथ मारपीट, केस दर्ज : मुरैना। अंबाह क्षेत्र के ग्राम परीक्षत का पुरा में रहने वाले भूपेन्द्र उर्फ अमित तोमर 28 पुत्र बहादुर सिंह तोमर की 23 नवंबर को मिलन उर्फ राजा, शिवम, रोशन तोमर की मारपीट कर डाली। पुलिस ने भूपेन्द्र की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

सबलगढ़ में महिला से मारपीट की एफआईआर दर्ज

मुरैना, 27 नवंबर। सबलगढ़ क्षेत्र के ग्राम खनपुरा निवासी महिला श्रीमती रूपाली रावत 50 पत्नी विजय रावत की विगत 23 अक्टूबर को मनीषा, हिमांशु रावत ने मारपीट कर डाली थी। शिकायती आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

आईएएस वर्मा पर 3 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन

नवभारत न्यूज

मुरैना/सबलगढ़, 27 नवंबर। ब्राह्मण समाज की बहन बेटियों के लिए अपमानजनक भाषा का उपयोग कर मंच से अमर्यादित और निंदनीय बयान देने वाले अजाक्स के प्रदेशाध्यक्ष आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के विरुद्ध तीन दिवस में अगर वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई तो ब्राह्मण समाज सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

सबलगढ़ में ब्राह्मण समाज के लोगों ने दिया ज्ञापन

यह बात सबलगढ़ कस्बे में ब्राह्मण समाज की ओर से मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम मेघा तिवारी को दिए गए ज्ञापन में कही गई है।इ

ाापन देने से पहले बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग कस्बे के राममंदिर चौराहे पर एकत्रित हुए। जहां से पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचें और ज्ञापन सौंपा। ब्राह्मण समाज की ओर से बाद में सबलगढ़ थाना प्रभारी को भी ज्ञापन दिया गया। जिसमें आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में अक्षय शरण मिश्रा, गणेशपाल सिंह जादौन, सुरेशचंद्र शर्मा, डॉ. मोहन शर्मा, संजय फक्कड़, शंकर सिंह जादौन, धर्मेंद्र चतुर्वेदी उर्फ अन्ना हजारे, रामअवतार मुदगल, भगवती प्रसाद मिश्र, गिरीश शर्मा, मोनू मारिया, डॉ. राजेश गौड़, नागेंद्र शर्मा, रवि उपाध्याय, रानू पाठक, जितेंद्र उपाध्याय, कुलदीप पाठक, मितांशु शर्मा, शैलेंद्र मिश्रा, हरिओम शर्मा, प्रमोद त्यागी आदि उपस्थित थे।

मुरैना-जौरा में पेंशनर्स ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 27 नवंबर। लंबित समस्याओं को लेकर मुरैना एवं जौरा में विभिन्न संगठनों के बैनर तले मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञापनों के माध्यम से पेंशनर्स ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पेंशनर्स की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किए जाने की मांग की गई है।

लंबित 8 सूत्रीय मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग

मुरैना मुख्यालय पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन और विद्यु पेंशनर्स एसोसिएशन के बैनर तले ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में बीएल टुंडेले, पीपी मिश्रा, पीएस तोमर, बीके शर्मा, केएल चौहान, हरीराम पचौरिया, मुरारीलाल प्रजापति, गिरवरलाल शाक्य, व्हीसी कटारिया, विमलचंद्र जैन, सुरेश श्रीवास्तव, रामदीन राही, राजेश गुप्ता, रघुवीर सक्सैना, सीएल नागर, ध्रुव सिंह चौहान, रामबाबू श्रीवास, जगदीश राजपूत, टीकम सिंह शाक्य, रामस्वरूप शाक्य, मुन्नालाल राजपूत, शिवचरण टैगोर, कदम सिंह खरे, बनवारीलाल सविता आदि शामिल थे।

जौरा में प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की जौरा तहसील शाखा अध्यक्ष हरिओम पाराशर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम शुभम शर्मा को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में नेमीचंद्र सविता, मुन्नालाल शाक्य, रामचरण शाक्य, रामेश्वरदयाल शर्मा, विनोद कुमार दुबे, रघुनंदन श्रीवास्तव, अब्दुल रहमान, शमशाद खान, शफीक खान, पूरनचंद्र गोयल, एमडी शाक्य, डीके पाठक, आरके पाराशर, ओमप्रकाश शाक्य, अलीमुद्दीन उस्मानी, हरीशंकर शर्मा, कृष्णगोपाल दुबे, केशव सिंह नेगी, मुरारीलाल कुशवाह आदि शामिल थे।

जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 27 नवंबर। गुरूवार को अल्प प्रवास पर मुरैना पहुंचें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से विभिन्न जनसमस्याओं के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर और शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव के नेतृत्व में सौंपा गया।

इस ज्ञापन में कांग्रेस की ओर से कैलारस शुगर मिल नीलामी की प्रक्रिया को रोककर मिल को पुन: चालू किए जाने, एनएच-44 हाईवे पर नगर निगम क्षेत्र में स्थित छौंदा टोल प्लाजा को ननि की सीमा से बाहर स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई है। इसके साथ ही नगर निगम मुरैना में सीवर प्रोजेक्ट एवं निर्माणधीन चंबल वाटर प्रोजेक्ट में बरतीं गईं और बरती जा रहीं अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने, जिला अस्पताल सहित प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और सिविल हॉस्पीटलों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना किए जाने, प्रस्तावित रिंग रोड योजना के तहत जौरा से ग्वालियर जाने के लिए डोमपुरा के रास्ते सड़क का निर्माण किए जाने, बैरियर क्षेत्र में स्थित फ्लाईओवर का छौंदा टोल प्लाजा से आरटीओ चेकपोस्ट तक विस्तार किए जाने, छौंदा में आसन नदी के किनारे बतौर पिकनिक स्पॉट बोट क्लब बनाए जाने, अतिवर्षा से नष्ट हुई फसलों का किसानों को शीघ्र मुआवजा देने और मुरैना जिले को अकालग्रस्त घोषित करने की मांगों का शीघ्र निराकरण करने के लिए कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आग्रह किया गया है।

सात से सरेंडर की राशि, 17 से वसूली के लिए जारी किए नोटिस

नवभारत न्यूज

बैतूल, 27 नवंबर. प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना का लाभ लेने वाले 2745 हितग्राहियों में से करीब 24 हितग्राहियों ने आवास नहीं बनाये। इन हितग्राहियों ने आवास बनाने की प्रक्रिया ही शुरू नहीं की, जबकि आगामी दिसंबर के बाद पीएम आवास निर्माण की समय सीमा खत्म हो जाएगी।

ऐसे में नगरपालिका बैतूल द्वारा इन हितग्राहियों को नोटिस भेजकर राशि रिकवरी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दरअसल पीएम आवास योजना के तहत बैतूल नपा द्वारा 2016 से लेकर 2022 तक कुल 2745 गरीबों का हितग्राही के रूप में चयन कर निर्माण के लिए पहली, दूसरी और तीसरी किस्त खातों में भेजी गई थी। भेजी गई राशि से हितग्राहियों को पीएम आवास का निर्माण करना था, जिसके बाद उन्हें अगली किस्त जारी होनी थी। लेकिन 24 हितग्राहियों द्वारा पीएम आवास की राशि लेने के बाद अभी तक आवास निर्माण शुरू नहीं किया गया। बता दे कि नगरपालिका बैतूल अंतर्गत स्वीकृत 2745 आवासों में से 2696 आवास पूर्ण हो चुके है, जबकि 49 आवास अधूरे है। वहीं 10 से 12 लोग को अभी तीसरी राशि का इंतजार है।

राशि सरेंडर नहीं करने पर हो सकती है सख्त कार्रवाही: पीएम आवास योजना के दूसरे चरण को शुरू करने से पहले नपा को स्वीकृत आवासों की जानकारी पोर्टल पर अपडेट करना है। बताया जा रहा है कि अपूर्ण निर्माण करने वालों या आवास नहीं बनाने वालों और राशि सरेंडर नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए नोटिस जारी किये है। वहीं कुर्की की कार्रवाई भी कर सकती है। बताया गया कि पीएम आवास के पहले फेज में स्वीकृत आवास अधूरे हैं। ऐसे हितग्राहियों को अंतिम चेतावनी दी जा चुकी है।

पूर्व विधायक सूबेदार सिंह की पुण्यतिथि पर कैलारस में फल वितरण

नवभारत न्यूज

कैलारस, 27 नवम्बर। जौरा विधानसभा से पूर्व विधायक स्व. श्री सूबेदार सिंह सिकरवार (बाबूजी) खाड़ोली की द्वितीय पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य कैलारस में सेकड़ो युवाओं ने वार्ड में भर्ती मरीजों एवं महिलाओं और एनआरसी में भर्ती बच्चो को फल वितरण कर बाबूजी को श्रद्धांजलि अर्पित की वहीं फल वितरण कर रहे युवाओं ने बताया कि स्व. सूबेदार सिंह बाबूजी के विचार उनकी कार्य पद्धति सर्वहारा वर्ग में जीने की ललक जो भाव उनके मन में था उसके कारण उनका जो व्यक्तित्व बना उसको हम याद करेंगे, भले ही वह आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचारकों के रूप में वह सदेव हमारे बीच में रहेंगे।

वहीं पूर्व विधायक स्व. श्री सूबेदार सिंह सिकरवार बाबू जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर नमन करते हैं एवं श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं वही स्व सुबेदार सिंह सिकरवार (बाबू) जी ने कैलारस क्षेत्र के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान दिया कैलारस शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के लिए कोई भी महाविद्यालय नहीं था यहां के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बाहर पढ़ाई करने के लिए जाते थे एवं पैसे के अभाव में कुछ बच्चे पढ़ाई बंद कर घर बैठ जाते थे वहीं कुछ पालक अपने ब बच्चियों को बाहर अकेले पढ़ने नहीं भेज पाते थे तो उनकी शिक्षा पूरी नहीं हो पाती थी वही स्वर्गीय श्री सूबेदार सिंह शुक्रवार बाबूजी समाज सेवी एवं राजनीतिक थे उन्होंने यहां के लोगों की समस्या को समझा और कैलारस क्षेत्र में शिक्षा के लिए अचार्य नरेन्द्र देव कॉलेज की स्थापना की जिसमे हर वर्ष सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षा पा रहे हैं वहीं कुछ छात्र-छात्राएं शिक्षा पाकर उच्च पदों पर नौकरियां कर रहे हैं हमें बाबूजी के पद चिन्हों पर चलने से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। फल वितरण के दौरान सैकड़ो की संख्या में युवा समाज सेवी, पत्रकार एवं स्वास्थ्य केंद्र कैलारस का स्टाफ मौजूद रहा वही स्वर्गीय श्री सूबेदार सिंह सिकरवार बाबूजी की दूसरी पुण्यतिथि पर आचार्य नरेंद्र देव महाविद्यालय परिवार ने नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की ।

आम सूचना

श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री देशराज सिंह के स्वत्व, स्वानित्य व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड, स्थित हरिजन छात्रावास के पास, ग्राम पमाया, तहसील चामीर एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पंचायत बामौर वार्ड क्र .01 में स्थित है जो भूमि: सर्वे क्र .396 ग्राम पमाया का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1075 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है-पूर्व में-भूमि स्वामी, पश्चिम में भूगि स्वामी, सातर में रास्ता 15 पशुफुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूमि श्री नारायण सिंह है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री ग्यासीराम, लखाराम (नाबालिग) पुत्रगण श्री मनपाल के संयुक्त स्वत्व स्वामित्य की थी। श्री ग्यासीराम का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उतराधिकारी, श्री रामस्वरूप श्री कप्तान सिंह पुत्रगण स्व. श्री ग्यासीराम उनकी सम्पति के मालिक हुरो एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री कप्तान सिंह द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री देशराज सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र एमपी 25792022ए1472093 दिनांक 06.05.2022 से विक्रय को नई। श्रीमती रेखा देवी द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार इण्डिया रॉल्टर फायनेंस कॉरिशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक्क किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्व क्रमांक के अन्य सहस्वामियों की एवं श्री ग्यासीराम के अन्य उतराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वो पक्ष में चन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के ? दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृष्या सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या-भवन क्र .52,
कैलाश विहार
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर,
ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं .98276-72710